# Bundelkhand Expressway: बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से खुलेंगे समग्र विकास के द्वार, मोदी की इस सौगात पर मुस्लिमों ने कही बड़ी बात

Bundelkhand Expressway Inauguration: बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे की सौगात मिलने पर यहां हमीरपुर के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। आज पीएम मोदी ने 296...



Bundelkhand Expressway: जिस एक्सप्रेस वे से चमकेगा पूरा बुंदेलखंड, उसपर क्या कहती है जनता

**हमीरपुर:** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लोकार्पण करने से यहां आम लोगों में तो खुशी देखी ही जा रही है। वहीं, मुस्लिमों ने भी मोदी और योगी की बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सौगात पर बड़ी बात कही है। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे लोकार्पण होने से अब समग्र विकास के द्वार खुलेंगे और दो तीन साल में यह क्षेत्र विकास के नए आयाम हासिल करेगा।

जालौन जिले के कैथेरी के पास चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, औरैया और इटावा आदि सात जिलों से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का पीएम नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण कर आम लोगों को बड़ी सौगात दी है। इसे लेकर हमीरपुर के समाजसेवी, किसान और मुस्लिम समाज के लोगों में खुशी देखी जा रही है। जिले के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत वाले झलोखर गांव के मिथिलेश प्रजापति ने मोदी की सोच को विकास वादी बताते कहा कि अब बुंदेलखंड के पिछड़े जिलों का तेजी से विकास होगा। लोग तरक्की के रास्ते में आगे बढ़ेंगे। लक्ष्मी सिंह और सत्येन्द्र अग्रवाल ने कहा कि बुंदेलखंड की पहचान खस्ताहाल सड़कों और ऊबड़-खाबड़ मार्गों के रूप में थी, लेकिन देश के पीएम और योगी आदित्यनाथ की सोच से अब बुंदेलखंड बदल रहा है। सैयद्दीन ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से पूरे क्षेत्र की दिशा और दशा बदलेगी। कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से पलायन रुकेगा, रोजगार के अवसर लोगों को मिलेंगे। साथ ही खेती-किसानी करने वालों को भी बड़ा फायदा होगा।

- Amazon पर बिग ब्रैंड डे, बैग्स, सूटकेस पर 70% तक छूट |

## दस्यु प्रभावित बुंदेलखंड क्षेत्र की अब बदलेगी पहचान

समाजसेवी और मुस्लिम समाज के जलीस खान ने कहा कि सड़कें हमारी लाइफ लाइन हैं। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने गांवों को सड़कों से जोड़ा था और अब उसी तर्ज पर मोदी ने बुंदेलखंड के पिछड़े जिलों को भी बुदेलखंड एक्सप्रेसवे की सौगात देकर बड़े शहरों से जोड़ा है। कहा कि यह एक्सप्रेसवे व्यापारियों और किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मोदी और योगी ने सदियों से पिछड़े इस क्षेत्र को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सौगात दी है, जिससे अब एक्सप्रेसवे से जुड़े जिलों और गांवों की तस्वीर बदलेगी।

दो तीन साल में ही बुंदेलखंड क्षेत्र बदल जाएगा। पिंटू खान ने कहा कि कभी बुंदेलखंड दस्यु प्रभावित क्षेत्र रहा है, लेकिन बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के चालू होने से अब इसकी पहचान भी बदलेगी। कहा कि मोदी और योगी ने बुंदेलखंड क्षेत्र के पिछड़े जिलों के लिए बड़ा काम किया है। रफीक अहमद ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे ने अब दिल्ली की दूरी भी कम कर दी है। निश्चित ही ये क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।